## मोक्षधाम मारूति नंदन सेवा समिति ने पूर्ण कर ली तैयारियां, जगह जगह होंगे भंडारे, महाकाल का होगा महाभिषेक

# महाशिवरात्रि पर महाकाल के दरबार में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

शिवरात्रि की पावन पर्व की धूम हमारे देश में हर सनातनी धर्मप्रेमी बंधु एकता के साथ शिव पार्वती के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में शिव पूजन कर मनाता हैं। हमारे छिंदवाड़ा में शिवरात्रि पर्व का बड़े ही धूम धाम से आयोजित किया जाता हैं। शिवरात्रि में मुख्य रूप से महाकाल के मोक्षधाम मंदिर में बाबा की महा भस्मी आरती पूजन पाठ यह मंदिर का एक अलग स्थान रखता आया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व में श्री महाकाल मोक्षधाम मारुति नंदन सेवा समिति के अध्यक्ष बब्लू पांडे जी द्वारा जानकारी दी गई। जिसमें शिवरात्रि के दिन 26 फरवरी बुधवार को प्रातः 4 बजे से विशेष पूजन पाठ महाअभिषेक का कार्यक्रम आरंभ हो जाएगा। इसकी साथ ही प्रातः 5 बजे विशाल भंडारे में चाय, गरमा गर्म साबूदाने की खिचड़ी का वितरण भी आरंभ किया जाएगा। विशाल डी जे



नाइट शो म्यूजिक के साथ भक्त भक्ति भावना के साथ बाबा की शादी के अवसर में झूमेंगे नाचेंगे। जिसमें दोपहर में 12 बजे भगवान भोलेबाबा जी, भूत पिशाच, बाबा के भक्तगणों के साथ की दिव्य भव्य बारात झांकी स्वरूप मोक्षधाम से निकाली जावेगी। मंदिर प्रांगण में ग्रामीण मंडलियों के द्वारा सीताराम नाम उदघोष सत्ता का जाप पाठ दोपहर 3 बजे से आरंभ किया जाएगा। मंदिर के पुजारी शुभम पांडे ने बताया शिवरात्रि में बाबा का दिव्य विशेष श्रृंगार के साथ संध्या काल 7 बजे से बाबा महाकाल की महाभस्मी आरती की जाएगी। जिसमें सर्वप्रथम काल भैरव जी की आरती, शिव मा पार्वती के सुन्दर भजन पुष्प भजन पश्चात भस्मी चढ़ाई जाएगी।

इसके बाबा की आरती सामूहिक रूप से भक्तों के द्वारा की जाएगी। बाबा के भक्तों के दर्शन हेतु विशेष व्यवस्था रात भर बाबा के पट दर्शन भी समस्त भक्तों को प्राप्त होते रहेंगे। मंदिर के समस्त

### श्री रामेश्वर धाम में सांसद ने भेंट किया त्रिशुल

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने तीसरे संकल्प के साथ रामेश्वर धाम की 22 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी करते हुए श्री रामेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शिव को त्रिशुल अर्पित किया। इसके पहले सांसद श्री साहू ने पहला संकल्प लेकर 61 किलोमीटर की जामसांवली तक पदयात्रा कर जामसांवली के चमत्कारिक हनुमान जी को गदा भेंट किया था, वहीं दूसरे संकल्प लेकर सांसद श्री साहू ने महादेव भोलेनाथ की 17 किलोमीटर की चढ़ाई और 17 किलोमीटर की वापसी कुल 34 किलोमीटर की पदयात्रा की थी। मंगलवार को सांसद जी के निजनिवास के सामने स्थित हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्जना कर सांसद श्री साहू ने अपनी तीसरी पदयात्रा शुरू की। छिन्दवाड़ा से लेकर के श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल तक जगह-जगह सामाजिक संगठनों, विशिष्ट नागरिकों व आमजन द्वारा पदयात्रा और सांसद श्री साहू का भव्य स्वागत कर यात्रा में शामिल होते गये। इस पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन, नागरिक एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। इस दौरान सांसद श्री साहू ने अपने कंधों पर भगवान शिव को अर्पित करने वाला त्रिशुल धारण किया था। श्री रामेश्वर धाम सिहोरा माल पहुंचकर विधि विधान से पूजा-अर्चना कर सांसद श्री साहू ने भगवान शिव को त्रिशुल अर्पित किया।



### महाशिवरात्रि पर सिद्धबाबा में लगेगा ऐतिहासिक मेला

**दमुआ :** नगर के हृदय स्थल पर स्थित सिद्धबाबा टेकड़ी मंदिर में महादेव मेले के दौरान शहर का मनोहारी आस्था स्थल भक्तों की चहल पहल से आबाद होने वाला है। महाराष्ट् एवं बैतूल जिले से आने वाले भोलेनाथ के दरबार में मत्था टेकने पहुंचने वाले भक्त यहां से आगे बढ़ने से पहले सिद्धनाथ बाबा के मंदिर में पूजन अर्चना कर अपनी यात्रा की शुरुआत करते हैं। शहर का मनोहारी धार्मिक स्थल सिद्धनाथ धाम क्षेत्र में मनोकामना पूर्ण करने वाला आस्था स्थल बन गया है शिवरात्रि पर्व पर यहां से गुजरने वाले महादेवा के भक्त टेकड़ी पर चलने वाले भंडारे में भोजन प्रसादी प्राप्त करते है, वहीं परेशान और आत्मबल खो चुके भक्तों को सिद्धनाथ यात्रा के दर्शन से नई ऊर्जा भी मिलती हैं। शहर के हृदय स्थल पर बना सिद्धनाथ धाम दूर से ही लोगों को आकर्षित करता है। इंदिरा तिराहे पर बने विशाल द्वार से सीढ़ियां चढ़कर भक्तजन जब बाबा के दरबार में आते हैं, तो उनकी सारी मनोकामना सिद्धि के द्वार खुल जाते है।चारों दिशाओं में प्राण प्रतिष्ठित देवी-देवताः मंदिर के केन्द्र में स्थापित माना सिद्धनाथ की प्रतिमा के चारों दिशाओं में प्रमुख सनातनी देवी, देवताओं को प्राण प्रतिष्ठित किया गया है। मंदिर के दाहिनी और पर विघ्नहर्ता गणेश उत्तर में संकट मोचन हनुमान पूर्वी छोर पर एक तरफ नर्मदेश्वर शिवलिंग और दूसरी तरफ जगत जननी मां शेरावाली विराजित हैं। इसी तरफ मंदिर प्रबंधन समिति ने शनि देव प्रतिमा और अखंड सिद्धनाथ धूनी के साथ साई बाबा को प्रतिष्ठित किया है। इसके अतिरिक्त धाम पर नाथ मंदिर बटुकनाथ भैरव बाबा का मंदिर है। सिद्धनाथ टेकरी पर पहुंचते ही सनातन धर्म को अपने इष्ट स्वयं मिल जाते हैं।



### कलेक्टर ने सुनी 80 आवेदकों की समस्यायें

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 80 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

## कोर्ट परिसर में क्लाईंट और वकील के बीच मारपीट, थाने में हुआ समझौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया कोर्ट परासिया में मंगलवार को एक वकील और उनके क्लाईंट के बीच मारपीट हो गई। परिसर में मौजूद अन्य वकीलों ने क्लाईंट की धुनाई भी की और बचाया भी। वहीं एक युवक जो विडियो बना रहा था उसे भी पीटा गया। बाद में दोनों पक्ष थाने पहुंचे और समझौता हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार करीब 4 बजे एक अधिवक्ता और उनके क्लाईंट के बीच मकान किराए को लेकर बहस हो गई। इस दौरान क्लाईंट ने अधिवक्ता को अचानक मार दिया। क्लाईंट के साथ आए अन्य लोगों ने भी मारपीट की। यह देख परिसर में मौजूद वकील दौड़ और बीच - बचाव किया। कुछ वकीलों ने क्लाईंट की धुनाई भी की। वहीं एक यवक घटना का विडियो बनाने लगा तो उसकी भी पिटाई की गई। किसी तरह युवक भाग निकला। बाद में क्लाईंट परिवार की कुछ महिलाओं ने परिसर में आकर विवाद करने का प्रयास किया, जिन्हें महिला अधिवक्ताओं ने समझाईश देकर शांत कराया। बाद में दोनों पक्ष थाने पहुंचे, जहां बातचीत के बाद आपसी समझौता हुआ।

### कक्षा 12वीं के हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न

**छिन्दवाड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2024-2025 आज 25 फरवरी 2025 से छिन्दवाड़ा जिले में स्थापित 126 एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 29 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। कक्षा 12वीं के हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 12वीं में 20901 दर्ज विद्यार्थियों में से 20519 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 382 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 10 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये, जिसमें से 4 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 155 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई। परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दुष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 14 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 61 रही।

## युवक से मारपीट, चांदामेटा कांड से जुड़ा है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया थाने के अंतर्गत शिवपुरी तिराहे पर एक युवक के साथ कुछ युवकों ने जमकर मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित युवक के चेहरे, आंख और पीठ पर चोट आई है। यह घटना चांदामेटा में हुए एक कांड से जुड़ी हुई बताई जा रही है। पीड़ित युवक ने मारपीट करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार रावनवाड़ा निवासी क्षितिज कुमार को उसके ही क्षेत्र के कुछ युवाओं ने शिवपुरी तिराहे पर रोक कर सिर्फ इसलिए मारपीट की क्योंकि क्षितिज ने चांदामेटा निवासी प्रिंस बुनकर को रावनवाड़ा लेकर गया था। मारपीट करने वालों युवाओं को कहना था, कि प्रिंस को साथ लेकर क्यों घूम रहा है। गौरतलब है, कि लगभग चार माह पूर्व 10 नवंबर की रात को चांदामेटा वार्ड 15 में रहने वाले 21 वर्षीय प्रिंस बुनकर पर रावनवाड़ा, रमपुरी और परासिया निवासी कुछ युवकों ने प्राण घातक हमला किया था और प्रिंस को मरा समझकर भाग गए थे। इस घटना में प्रिंस को बचाने वाला एक युवक भी घायल हुआ था। दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में नागपुर भर्ती कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने अमन सिद्दीकी (डिग्गी), अमन कनौजिया, फरहान खान, शाबान खान, आशीष यादव और मेहुल सिंधिया को आरोपी बनाकर जेल भेजा था, जो अभी भी जेल में हैं। हाल ही में प्रिंस बुनकर अस्पताल से ठीक होकर आया है। जो मंगलवार को अपने दोस्त क्षितिज के साथ रावनवाड़ा में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया गया था। क्षितिज जब प्रिंस को छोड़कर परासिया आया तब उसके साथ यह घटना घटी।



### 26 वाहनों से लिया गया 32700 रूपये का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा महाशिवरात्रि मेले को दृष्टिगत रखते हुये आज पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस के साथ ही यात्री वाहनों में किराया सूची चस्पा होने, वाहनों में ओवरलोडिंग, यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने के संबंध में सघन जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 26 वाहनों से 32700 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गईं।

### केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अटल वाटिका पार्क का किया शैक्षिक भ्रमण



**छिंदवाड़ा।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक -1 छिन्दवाड़ा के कक्षा 1 एवं 2 के लगभग 150 विद्यार्थियों ने अपने कक्षा शिक्षकों के साथ धरम टेकड़ी के अटल वाटिका पार्क का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं स्वलपाहार के पैकेट प्रदान कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भ्रमण के लिए रवाना किया। प्रधान पाठक श्री एस. के साहू के मार्गदर्शन में इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति की निकटता का आनंद लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में श्रीमती विजयता देशमुख, श्री नीरज कुमार वर्मा, सुश्री स्वाति अविनाश, सुश्री दीक्षा राज चौरसिया, श्री यश प्रताप सिंह तोमर, सुश्री लीना चरपे एवं श्री नंदू यदुवंशी जी ने सहयोग किया।

## थाना चांदामेटा ने सड़क सुरक्षा एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एवं पिछले कुछ दिनों में चार पहिया वाहन की बॉडी से बाहर निकले डीजे बॉक्स से सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, चार पहिया वाहनों पर डीजे बॉक्स को बाहरी हिस्से में निकालकर ले जाने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में, थाना चंदामेटा पुलिस द्वारा वाहन क्रमांक MP 28 ZF 6198 पर एमवी एक्ट की धारा 208/177 के तहत चालानी कार्रवाई की गई। यह वाहन डीजे बॉक्स को वाहन के बाहरी हिस्से में निकालकर ले जा रहा था, जिससे सड़क पर अन्य वाहनों एवं राहगीरों के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता था।

पुलिस द्वारा वाहन चालक एवं डीजे मालिक को सख्त निर्देश दिए गए कि डीजे बॉक्स को वाहन की बॉडी के बाहर न निकाला जाए। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक तेज आवाज में डीजे न बजाया जाए। नियमों का उल्लंघन करने पर भविष्य में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छिंदवाड़ा पुलिस आम जनता से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा में सहयोग दें।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

### छिंदवाड़ा न्यायालय ने सुनाया फैसला, पांच हजार रूपए का लगाया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

न्यायालय श्रीमती तृप्ति पांडेय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) छिन्दवाडा दुवारा थाना देहात की ओर से प्रस्तुत नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी शंकर उन 22 वर्ष को 20 वर्ष के सथम कारावास एवं 5000/- रू अर्थदंड से दण्डित किया गया।

घटनानुसार दिनांक 27.11.23 को आरोपी पहली बार नाबालिगपीडिता को एक मंदिर में मिला जहां उनकी जान पहचान हो गई और पीडिता से बातचीत करने लगा था। दिनांक 04/12/2023 की आरोनी शंकर ने पीडिता को मानसरोवर बस स्टैंड छिंदवाडा मिलने बुलाया और बोला कहीं घूमने चलते हैं। आरोपी ने पीड़िता को घाट में कोई नशीली दवा मिलाकर दिलाया जिसके बाद उसे सीधे अगले दिन होश आया। पीड़िता ने पूछा कि तुम मुझे कहां लेकर आये हो तो उसने बताया कि वह उसकी नानी का घर है। उस घर में कोई नहीं था. तू मेरे साथ ही रहेगी बोलकर आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया उसके बाद 22.01.24 तक उसे वहीं रखकर उसके साथ बार बार बलात्कार करता रहा और मारपीट करता था और धमकी देता था कि अगर पर जाने का नाम लेगी तो उसे और उसके परिवार वालों को जान से मार देगा। सिर एक दिन पीड़िता के परिजन एवं पुलिस वाले पीडिता को ढूंढते हुये आरोपी की नानी के घर पहुंचे जहां पीडिता ने समस्त घटना के बारे में परिजनों को बताई। इसके बाद परिजन उसे थाने लेकर आये। पीड़िता की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके परिजनों द्वारा थाना देहात में पूर्व में दर्ज कराई गई थी। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर अभियुक्त के विरुध धारा 363, 366, 344, 323, 506, 376(1), 376(3), 376(2)(एन) भादवि एवं पाक्सी एक्ट अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोगपत्र विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट) विन्दकड़ा में प्रस्तुत किया गया जहां विधारण के दौरान आई साक्ष्य एनए रिपोर्ट तथा अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्ष के तकर्मी को सुनने के उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी शंकर को धारा 56 पाक्सो एक्ट में दोषी पाते हुये 20 वर्ष काम कारावास एवं 5000 रुपये से दहित किया गया।

प्रकरण की नाबालिग पीडिता के साथ हुये दुव्र्यवहार तथा अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये माननीय न्यायालय दुवारा 2.50 लाख रूपये क्षतिपूर्ती राति पीड़िता को दिये जाने की अनुशंसा के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरणको निर्देशित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार उईके द्वारा पैरवी की गई साथ ही विवेचना वर्षा सिंह उपनिरीक्षक व नरेन्द्र उपाध्याय सहायक उपनिरीक्षक थाना देहात द्वारा की गई।

## ईडीसी मैदान में 7 मार्च को होगा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह

### गायत्री परिवार कराएगा पूजन, दुल्हन के खाते में आएंगे 49 हजार रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर जनपद पंचायत परासिया के सभाकक्ष में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में विवाह के आयोजन की पूरी तैयारियों पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की गई। सात मार्च को विवाह समारोह का आयोजन ईडीसी मैदान पर होगा।एसडीएम पुष्पेंद्र निगम ने विधायक सोहन बाल्मिक, जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा आम्रवंषी, परासिया नपाध्यक्ष विनोद मालवी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जमील खान, चांदामेटा नपाध्यक्ष गोविंद बजोलिया, बडकुही नपाध्यक्ष भरत डेहरिया, न्यूटन नपाध्यक्ष अनुपमा राय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर अधिकारीगणों के साथ बैठक ली। इस बैठक में विवाह समारोह के लिए आवेदन करने की तिथी का विस्तार किया गया। पहले 28 फरवरी तक आवेदन दिए जाने थे। अब अंतिम तिथी को बढाकर दो मार्च कर दिया गया है। गायत्री परिवार धार्मिक रीति रिवाज संपन्न कराएगा। बैठक में तय किया गया कि रमजान माह में मुसलिम विवाह नहीं करते है। इसलिए इनके लिए अलग से कोई तिथी निर्धारित कर आयोजन किया जाए। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया। जनपद पंचायत परासिया में आयोजन के आवेदन को लेकर एक काउंटर बनाया गया है। वहां सभी तरह की परेशानियों पर समाधान बताया जाएगा। बाहर के वर वधु होने पर संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ से एनओसी लाने पर आवेदन परासिया में मान्य किया जाएगा।

### कलेक्टर ने गन्ने की नई किस्म के बीजों का किया वितरण

**छिंदवाड़ा।** जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र छिंदवाड़ा में वसंत दादा शुगर इंस्टिट्यूट कोयंबटूर से रिलीज की गई गन्ने की क़िस्म का कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र सिंह के सहयोग से प्रदर्शन की इकाई की स्थापना की गई है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा गन्ने की किस्म के प्रदर्शन का निरीक्षण कर इस नई किस्म की जानकारी वैज्ञानिकों से ली गई तथा कुछ किसानों को इस किस्म के बीजों का वितरण भी किया गया ।केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.डी.सी.श्रीवास्तव ने गन्ने की नवीन किस्म **COVSI** 18121 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गन्ने की यह किस्म की अब तक की सर्वाधिक उत्पादन क्षमता वाली किस्म है, जिसमें अधिकतम कल्लों की संख्या रिकॉर्ड की गई है। गन्ने की इस किस्म का जमाव काफी अच्छा है। गन्ने की मोटाई एक समान है। गन्ने की यह किस्म सभी प्रकार के रोगों से प्रतिरोधक क्षमता धारण करती है। साथ ही इस किस्म की पत्तियों का विकास भी अच्छा है। गन्ने की यह किस्म महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत उपयुक्त किस्मों में से मानी गई है, गन्ने की औसत ऊँचाई 16-18 फ़ीट है। साथ ही इसमें इसकी एक गन्ने में आँखों की संख्या 26-28 तक है। एक गन्ने का वज़न लगभग 2 किलो 750 ग्राम से 3 किलो तक नापा गया है। गन्ने की यह मध्यम अवधि की प्रजाति की औसत उपज 155-160 टन प्रति हेक्टेयर रिकॉर्ड की गई है।

### केन्द्रीय बजट पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में हुई परिचर्चा

## मोदी सरकार का यह बजट हर वर्ग के लिए: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




मंगलवार को विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 2025- 26 के लिए प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित की गई परिचर्चा में छिंदवाड़ा-पांढुर्णा लोकसभा के सांसद विवेक बंटी साहू ने बजट को विकास का बजट बताया।

सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार वास्तव में देश के हर वर्ग की सरकार है। उन्होंने कहा की 12 लाख तक की करमुक्त आय माध्यम वर्ग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हर वर्ग की चिंता करते हैं और विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर काम करते रहते हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी,जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, परमजीत सिंग विज, कांता ठाकुर उपाध्यक्ष योगेश साहू, कार्यालय मंत्री अलकेश लांबा विजय पांडे, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला,,लीला बजोलिया,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेंद्र अल्डक,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर, मनोज चौरे, अरूण गद्रे, इंद्रजीत सिंह बैंस, दीपक कोल्हे, नितिन जैन, दिनशु यादव, भारत घई, माईकल पहाड़े, नीरज भारद्वाज, विश्वेंद्र बैंस, भारती साहू, संदीप रघुवंशी, सूरज पटेल,हरनाम सिंह भट्टी, अनीश पटेल, निहाल गोदरे, रोशन सिग्नापुरे, शैलेन्द्र मालवी,राहुल शर्मा, संदीप यादव सहित सैकड़ों भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलेक्टर श्री सिंह ने किया नगर पालिका जुन्नारदेव का औचक निरीक्षण

# कलेक्टर ने फाइलों में अनियमितता मिलने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज नगर पालिका जुन्नारदेव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर नगर पालिका की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। इसके अलावा कलेक्टर श्री सिंह द्वारा खंड स्तरीय अधिकारियों की भी समीक्षा बैठक ली गई।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले। उन्होंने मौके पर ही मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल ) योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के पात्र हितग्राही को बुलवाया और उनके आवेदन को तुरंत स्वीकृत कर आगे की प्रक्रिया में भेजने के निर्देश दिए।राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश- कलेक्टर श्री सिंह ने नगर पालिका के अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बकाया संपत्ति कर, जल कर, दुकान किराया और अन्य करों की वसूली में लापरवाही न हो। बकायादारों की सूची तैयार कर उन्हें नोटिस भेजे जाएं और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कई फाइलों की जांच की, जिसमें कई त्रुटियां पाई गईं। उन्होंने देखा कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर और तारीखों का सही से उल्लेख नहीं किया गया था। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में ऐसी गलतियां न दोहराने के निर्देश दिए।महादेव मेले में निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश- कलेक्टर ने बिजली विभाग को सख्त निर्देश दिए कि भूरा भगत में चल रहे महादेव मेले में बिजली की कोई समस्या न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे मेला क्षेत्र में सुचारू बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा

कलेक्टर श्री सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जुन्नारदेव नगर में सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई की जाए और कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था बनाई जाए। नगर पालिका के अधिकारी स्वच्छता को प्राथमिकता दें, ताकि शहर का पर्यावरण स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, नगर पालिका सीएमओ सुश्री नेहा धुर्वे सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## बुद्ध गया महाविहार मुक्ति के लिए राष्ट्रपति से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

मंगलवार को बौद्ध समाज की ओर से रैली निकाल कर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के साथ में महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौसर प्रशासन को ज्ञापन सोपा। मिली जानकारी के अनुसार 12 फरवरी से बुद्धगया में महाबोधि महाविहार परिसर में हजारों बौध्द भिक्खुओ के द्वारा भदत आकाश लामा के नेतृत्व में महाबोधि महाविहार को एक वर्ग विशेष के हाथों से मुक्त करने के लिए आमरण अनशन किया जा रहा है। भारतीय बौद्ध महासभा सौसर,बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर,बुद्ध धम्म प्रचार समिति काजलवानी, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल,मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल, भीम आर्मी सौसर,तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखीवाड़ा,सावित्री फुले महिला संगठन बोरगाव,के पदाधिकारी के द्वारा सोपे ज्ञापन में बताया की वर्तमान में बौध्दगया महाविहार एक वर्ग विशेष के कब्जे में है।

# नपा ने न्यूटन पेंच नदी के बांध में मिलाया कुंभ का जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



नगर पालिका परासिया ने कुंभ के पवित्र जल को न्यूटन के पेंच नदी के बांध में मिलाया । मंगलवार को बारह बजे परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष , सीएमो , इंजिनियर , सभापति और पार्षदगणों के साथ बांध पर पहुंचे । न्यूटन के पेंच नदी के बांध में पूजन कर प्रयागराज से लाए कुंभ के जल को बांध के पानी में मिलाया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर जल स्त्रोतों में कुंभ का जल मिलाया गया । कुंभ का अंतिम शाही स्नान है । कुंभ का जल जल स्त्रोत में मिलाने से वे लोग जो कुंभ नहीं जा पाए हैं वे भी कुंभ स्नान कर लेंगे । गंगा , जमुना , गोदावरी , सरस्वती से कामना करते हैं , कि हमारे क्षेत्र में पानी की समस्या न हो । सीएमओ साक्षी वाजपेयी ने कहा कि जन कल्याण की भावना के साथ कुंभ जल को जल स्त्रोत में मिलाया गया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, सीएमओ साक्षी वाजपेयी , इंजिनियर राजेंद्र सोनी , सभापति पवन सूर्यवंशी , शशि सतनामी , कुंती उईके, सुषमा चौरसिया, नरेंद्र विश्वकर्मा , जल प्रभारी

### धीरज ट्रेडर्स से जप्त चावल राशन का नहीं

**चौरई :** विगत दिवस कृषि उपज मण्डी स्थित धीरज ट्रेडर्स से शासकीय राशन दुकान के चावल होने के संदेह पर लगभग सौ क्विंटल चावल को जप्त किया गया था जप्त चावल का सेम्पल जिला कार्यालय भेजा गया था जिसमे गुणवत्ता निरीक्षक के द्वारा जांच सेम्पल का निरिक्षण किया गया जिसकी रिपोर्ट मे पाया गया कि चावल 3 से 5 माह पुराना पाया गया एवं उक्त चावल मे एफ आर का मिश्रण नहीं पाया गया है जो कि पी डी एस मे वितरण योग्य नहीं है।

### कमलनाथ व नकुलनाथ ने दी महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा:** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने नगर व जिलेवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी है। नेताद्वय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भगवान शिव का सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है इस पर्व को शिव व शक्ति के मिलन का प्रतीक माना जाता है। कमलनाथ ने नगर, जिले व प्रदेश एवं देशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आध्यात्मिक जागरण का दिन भी है। शिव की भक्ति से मन को शांति व जीवन में तरक्की प्राप्त होती है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। नकुलनाथ ने देश, प्रदेश, जिले व नगरवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव के त्याग, धैर्य व सादगी से जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया कि सभी भगवान शिव के मंदिर पहुंचकर अभिषेक पूजन कर महाशिवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास व पूजन अर्चन कर मनाएं।

## सड़क निर्माण में नहीं दिया जा रहा गुणवत्ता का ध्यान

### ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही, किसी का नहीं है ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



क्षेत्र में बंडोल से चौरई सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्यों में न तो ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता का ख्याल रखा जा रहा है। न ही संबंधित अधिकारी इस ओर देखने की जरूरत महसूस कर रहे हैं। यह कार्य रीवा की उदित कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराए जा रहे हैं। जागरूक नागरिकों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के लिए गिट्टी और मुरम की पतली पर्त बिछा दी गई है। इसमें बिना पानी डाले रोलर चलवा दिया गया। इससे गिट्टी- मुरम ठीक से नहीं बैठ पाई। ठेकेदार ने क्रेशर की डस्ट और छोटी गिट्टी डालकर एक बार रोलर चलवाया और डामरीकरण कर दिया। लोगो के अनुसार उपयोग किया गया डामर भी गुणवत्ताहीन है।

### कुछ ही दिनों में उखड़ जाएगा रोड

ठेकेदार द्वारा बनाया गया गुणवत्ता हीन सड़क इतनी घटिया स्तर की है कि इसके कुछ महीनों में ही यह उखड़ जाने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे की पटरी पर अवैध रूप से उत्तखनन कर लाई गई मुरम का उपयोग किया गया है वह ठीक से मुरम को दबाया नहीं गया है, जिससे यहां से निकलने वाले वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सीसी निर्माण में भी ठेकेदार द्वारा दो वाइब्रेटर होने के बावजूद इनका उपयोग नहीं किया गया है। सीसी रोड की चौड़ाई भी कहीं कम, कहीं ज्यादा की गई है।

# वारासिवनी-कटंगी ट्रेन की चपेट में आकर 65 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत

### मंगलवार शाम सवा 6 बजे की घटना, बकरी को बचाने के फेर में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम सावंगी की सीमा में एक 65 वर्षीय महिला के ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उसके साथ ही एक बकरी की भी मौत हो गई।

ग्राम पंचायत सावंगी के पूर्व सरपंच लोकचंद ठाकरे व राम ठाकरे ने बताया कि मंगलवार की शाम लगभग 6-सवा 6 बजे गोंदिया-वारासिवनी से कटंगी की ओर जाने वाली डेमो ट्रेन 68715 जब सावंगी के पास पहुँच रही थी, उसी दौरान खेत के पास बकरियॉ चरा रही लगभग 65 वर्षीय महिला कांताबाई कुंभलवार की बकरियॉ रेल्वे ट्रेक के पास चली गई। जिन्हें बचाने के लिए जब कांताबाई रेल्वे ट्रेक के पास गई, तो अचानक ट्रेन के समीप आ जाने से वह उसकी चपेट में आ गई। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में एक बकरी की भी मौत हो गई। इस दुर्घटना में मृतक कांताबाई का पूरा शरीर क्षत-विक्षत हो गया, ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर, पैर दोनों कट कर दूर जा गिरे, वहीं बकरी भी ट्रेन की टक्कर से रेल्वे ट्रेक से दूर जाकर गिर गई थी।

जानकारी अनुसार मृतक कांताबाई कुंभलवार मूलतः जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम कायदी की रहने वाली हैं। लेकिन पिछले डेढ़-दो वर्षो से वह अपनी बेटी व दामाद के पास ग्राम पंचायत सावंगी के भोलाटोला में निवास कर रही थी। वह प्रतिदिन सुबह लगभग 10 बजे बकरियों को चराने के लिए लेकर घर से निकल जाती थी। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे वह बकरियों को लेकर चराने के लिए घर से निकल गई थी।

घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई थी। वहीं कुछ देर ठहरने के बाद ट्रेन कटंगी की ओर रवाना हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस थाना वारासिवनी से 100 डायल से पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुँचे और घटना के बारे में पूछताछ की। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक रेल्वे पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुँची थी।

## बोल बम, बम बम के जयकारों से गुंजायमान होगी धर्मनगरी

# महाशिवरात्रि पर आज उमड़ेगा शिवभक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज लांजी।



महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को है। कोटेश्वर धाम में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं और कांवडिय़ों की भीड़ उमड़ती है। इसके चलते प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कोटेश्वर महादेव मंदिर में कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं, जिसे मंगलवार को अंतिम रूप दिया गया। मंदिर को बिजली की रंग-बिरंगी झालरों और फूल मालाओं से काफी खूबसूरत ढंग से सजाया गया। देर शाम होते ही बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी से मंदिर जगमगा उठा। वहीं महाशिवरात्रि पर्व पर इस वर्ष कोटेश्वर महोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया जाना है वहीं मंडई टेकरी में मां काली मंदिर के पास मेला भी लग चुका है। मेला में एक दिन पहले ही दुकानदारों ने दुकानें सजा दी हैं। बच्चों के लिए झूले भी लग गए हैं। मंदिर के पुजारी उदित गोस्वामी ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार की तड़के से मंदिर में जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। महाशिवरात्रि के चलते मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**दर्शन के लिये लगती है लंबी कतारें:** कोटेश्वर धाम जहां लांजी बालाघाट ही नही अपितु पडोसी राज्यो के जिलो से भी दर्शनार्थी कोटेश्वर धाम पंहुचते है। पूरे वर्ष कोटेश्वर धाम में दर्शनार्थियो की भीड़ देखी जा सकती है। प्रत्येक सोमवार यह भीड़ दोगुनी चौगुनी हो जाती है। कोटेश्वर महादेव जिसकी महिमा गुणगान चंहुओर व्याप्त है जो कि सच्चे मन से कोटेश्वर महादेव की भक्ति करते है उन्हे हमेशा से ही कोटेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हो या वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वे भी कोटेश्वर महादेव की गुणगान एवं महिमा सुन कोटेश्वर धाम पधारे है और नतमस्तक हुये है महादेव के श्री चरणो में।

**कोटेश्वर महोत्सव में यह होंगे कार्यक्रम:** कोटेश्वर महोत्सव के तहत 8 दिनों की कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार हो चुकी है। जिसके अन्तर्गत कोटेश्वर महोत्सव को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है जिसके तहत 26 फरवरी से कार्यक्रम संचालित होंगे, महाशिवरात्रि पर्व के पश्चात 27 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामुहिक नृत्य, 28 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक नृत्य एवं हास्य कलाकार देव पंवार का आयोजन दोपहर 2 बजे से, 1 मार्च को मुख्यमंत्री एवं मंत्री गणो का आगमन, 2 मार्च को भजन संध्या किशन भगत के द्वारा प्रस्तुती, स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र जांच शिविर, 3 मार्च को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन जिसमें नामी कवि सुरेन्द्र दुबे एवं अन्य राष्ट्रीय कवि शिरकत करेंगे। 5 मार्च को सामूहिक विवाह कार्यक्रम एवं रात्रि कालिन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच की प्रस्तुती, 6 मार्च को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कोटेश्वर महोत्सव का समापन किया जाएगा।

**बस स्टैंड से कोटेश्वर धाम लांजी तक निःशुल्क ऑटो सेवा:** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बोल बम सेवा समिति लांजी के द्वारा भी भगवान कोटेश्वर महादेव के दर्शनार्थ 26 फरवरी 2025 को सुबह 08 बजे से शाम 07 बजे तक बस स्टैंड से कोटेश्वर धाम तक दर्शन हेतु ऑटो द्वारा निशुल्क यात्रा कराई जा रही हैं। बोल बम सेवा समिति लांजी के सदस्यों द्वारा कोटेश्वर धाम पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओ से आग्रह किया है कि इस सुविधा का लाभ अवश्य लेवें।

## पर्यावरण को लेकर चिंतित संस्था ने दिया आवेदन

# परीक्षाएं शुरू पर ध्वनि विस्तारक यंत्र है बेलगाम

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पर्यावरण और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली संस्था सोनवानी वन्य जीव सुरक्षा समिति द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र, पालीथीन एवं आंखों पर चुभने वाली एलईडी रोशनी के सम्बन्ध में थाना प्रभारी व मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया उन पर कार्यवाही की मॉग की है।

ज्ञात हो कि नगर के मैरिज लॉन, शादी हाल, मंदिरों में होने वाले धार्मिक, वैवाहिक एवं उत्सवों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बड़ी मात्रा में किया जाता हैं। वहीं पालीथीन के उपयोग पर भी प्रतिबंध होने के बावजूद उसका उपयोग बेतहाशा किया जा रहा हैं साथ ही आंखों को चुभने वाले एलईडी लाइट का उपयोग भी सार्वजनिक स्थलों पर अत्यधिक मात्रा में किया जाता हैं, जो संभवतः नियम विरुद्ध हैं।

समिति ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षण कराते हुए आवेदन में यह बात भी स्पष्ट लिखी है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षायें 15 फरवरी 2025 से प्रारंभ हो चुकी हैं, वहीं मध्यप्रदेश बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी 2025 से आयोजित की जानी हैं। अतः विद्यार्थियों को ध्वनि विस्तारक यंत्र से होने वाली परेशानियों का संज्ञान लेना अति आवश्यक हैं।

## नक्सल प्रभावित ग्राम सोनेवानी में हुआ चिकित्सा शिविर



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट तेजिंदर कौर के सफल निर्देशन में लगातार नक्सल प्रभावित एरिया में लोगो को स्वास्थ लाभ पहचाने के मकसद से नित्य अनेक स्थानों में मेडिकल कैंप का आयोजन कर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को समुचित स्वास्थ लाभ प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है ,इसी कड़ी में कमांडेंट तेजिंदर कौर के मार्गदर्शन और निर्देशन में अति नक्सल प्रभावित ग्राम सोनवानी में भी मेडिकल कैंप का आयोजन वरिष्ठ चिकित्सक संतोष कुमार की प्रमुख उपस्थिति में कंपनी के सहायक कमांडेंट चन्द्र प्रताप तिवारी के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक की विशिष्ट उपस्थिति में किया गया ,जिसमें सोनवानी , इरली, कान्हा टोला,उसकाल चक्र,मोहनपुर,कल्पा,आदि अनेक ग्राम वासियों का निःशुल्क उपचार कर उन्हें कीमती दवाइयों का वितरण किया गया,इस शिविर में लगभग दो सैकड़ा से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार कर दवाइयों का वितरण किया गया,इस अवसर पर कंपनी के सहायक कमांडेंट चन्द्र प्रताप तिवारी ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल हर समय हर परिस्थिति में क्षेत्रीय लोगों की मदद को तत्पर रहती है, और समय समय पर उच्च स्तर पर प्राप्त निर्देश अनुसार ,हम लोगों को जरूरत का सामान ,चिकित्सा सुविधा,शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार से मदद प्रदान करते है, जिससे निश्चित ही इस क्षेत्र के लोगों में पहले जो फोर्स के प्रति सोच थी ,उसमें काफी हद तक परिवर्तन आया है, और ओर अब लोग भी फोर्स को एक आशा भरी निगाह से देखते है, और फोर्स भी उनकी भावना का सम्मान कर उनके साथ हमेशा विश्वाश को कायम रख एक रिश्ता बनाने का प्रयास करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चिकित्सक संतोष कुमार,कंपनी कमांडर चंद्र प्रताप तिवारी,निरीक्षक जीडी हरिओम सिंह,उपनिरीक्षक जीडी गाडवे किसन,सहायक उपनिरीक्षक अशोक कुमार जायसवाल,रविशंकर सिंह,एवं समस्त जवानों की सराहनीय भूमिका रही।

## बोदलकसा में 7 दिवसीय श्रीराम कथा का समापन आज



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदलकसा के झिरना माता मंदिर में गत 20 फरवरी से प्रारंभ संगीतमय श्रीराम कथा का समापन महाशिवरात्रि पर्व पर 26 फरवरी को हवन पूजन एवं राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न होगा। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रसाद ग्रहण करेगे।

ग्राम बोदलकसा में गत 20 फरवरी को सुबह 10 बजे विशाल कलश यात्रा निकाल कर शाम 7 बजे से श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया था। व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास सुश्री साक्षी देवी जी के मुखारबिंदु से प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिदिन श्रीराम कथा का प्रवचन श्रद्धालुओं द्वारा सुना गया। 20 फरवरी को रामायण जी का महत्व एवं सती चरित्र, 21 फरवरी को शिव विवाह, 22 फरवरी को नारदमोह कथा एवं रामजन्म, 23 फरवरी को श्रीराम भगवान जी की लीला एवं विश्वामित्र आगमन, 24 फरवरी को धनुष यज्ञ व राम जानकी विवाह एवं 25 फरवरी को वन गमन व केवट प्रसंग के बारे में श्रद्धालुओं को कथावाचक साक्षी देवी द्वारा बताया गया। भगवान श्रीराम कथा के समापन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील श्रद्धालुओं से की हैं।

# दिव्यांग जन कल्याण संघ का सातवा स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र के ग्राम भानेगांव में 25 फरवरी मंगलवार को दिव्यांग जन कल्याण संघ संघ का सातवा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात संघ के संरक्षक लक्ष्मण दुर्गा दास छुट्टानी द्वारा कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर उन्होंने संघ समस्त दिव्यांग जन कल्याण संघ के पदाधिकारीयों और सदस्यों को संघ की स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। दिव्यांग जन कल्याण संघ दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की ओर भी अग्रसर है। संघ की गौरवशाली परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को संघ द्वारा दिव्य ज्योति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। उल्लेखनीय हैं कि उक्त पुरस्कार दिव्यांग जन कल्याण संघ के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा की स्व. माताजी श्रीमती ज्योति जगदीश मिश्रा के स्मृति में प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान परंपरा का निर्वहन करते हुए अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने दिव्य ज्योति पुरस्कार की घोषणा की। संघ द्वारा वर्ष 2025 का पुरस्कार श्रीमती पूर्णिमा ताराचंद उड्कुडे मोहझरी निवासी 95 वर्षीय सेवानिवृत नर्स को समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार संघ की संरक्षक श्रीमती परमिला देवीचरण जी ठाकरे जी द्वारा ग्राम स्वराज भवन भानेगांव में प्रदान किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### पोस्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महाविद्यालय सिवनी में AI एवम Fintech with AI कोर्स जो आईआईटी दिल्ली के तत्वाधान में संचालित हो रहा है के अंतर्गत स्थापित AI Club में दिनांक 25.02.2025 को AI एवम Fintech की उपयोगिता एवम भविष्य पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता संपादित की गई इस प्रतियोगिता में विधार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स का अवलोकन माननीय प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग , डॉ एम. सी. सनोड़िया एवम श्री. के. के बरमैया ने किया तथा विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी।यह प्रतियोगिता AI and Fintech with Al की नोडल डॉ ज्योति कुमारी एवम डॉ श्रुति अवस्थी

# महाशिवरात्रि पर्व आज नगर के शिवालयों में गूंजेंगे बम बम के नारे

## मठ मंदिर से आज निकलेगी भोलेनाथ की बारात

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष एक विशेष संयोग बन रहा है। सिद्धपीठ मठ मंदिर में भगवान शिव और मां पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह की तैयारियां जोरों पर हैं। विवाह की रस्में 24 फरवरी की रात 8 बजे से हल्दी कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ। एवं 25 फरवरी को रात 8 बजे मेहंदी और संगीत का आयोजन किया गया। मठ महाकाल समिति के अनुसार इस विवाह में वर पक्ष मठ मंदिर समिति और वधु पक्ष नगर पालिका परिषद है। विवाह के निमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं। 26 फरवरी को शाम 5 बजे मठ मंदिर से बारात निकलेगी। विवाह स्थल मठ मंदिर के समीप के खेत में तैयार किया जा रहा है। बारात में भूत-प्रेत, नंदी, गणेश, कार्तिकेय और ब्रह्मा-विष्णु सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

### यह संयोग 1965 के बाद बनेंगा

ज्योतिषाचार्य राघवेंद्र शास्त्री के अनुसार, यह संयोग 1965 के बाद बन रहा है। इस दिन शिवलिंग का रुद्राभिषेक और 108 राम नाम लिखे बेलपत्र अर्पण करने से भगवान शिव विशेष रूप से प्रसन्न होंगे। जिले भर के शिवालयों में भी महाशिवरात्रि की विशेष तैयारियां की जा रही हैं। सभी मंदिरों में भगवान शिव का विशेष पूजन किया जाएगा।
इस बार 60 वर्ष के बाद महाशिवरात्रि पर दुर्लभसंयोग में महाशिवरात्रि का व्रत 26 फरवरी को रखा जाएगा। इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह भी संपन्न हुआ था।

### झांकियां रहेगी आकर्षण का केंद्र

इस प्रतीकात्मक विवाह की बारात शहर के अहम चोक चौराहों से निकलेगी जिसमे भूत प्रेत, नंदी, गणेश, कार्तिकेय, ब्रम्हा-विष्णु सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर मे विशेष पूजा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर बरघाट रोड मोती नाला मैं



शिवरात्रि विशेष कार्यक्रम प्रातः 5 बजे मंगला आरती एवं 10 बजे से समिति के सदस्यों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक एवं संपूर्ण दिवस एवं रात्रि में चार पहर की पूजन अभिषेक दूसरे दिन 27 /2 /2025 गुरुवार को प्रातः 10 बजे से हवन का कार्यक्रम भी रखा गया है जो कि मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित हेमंत त्रिवेदी एवं पंडित प्रीतम शर्मा के द्वारा संपन्न कराया जाएगा शाम 7 बजे भगवान भोलेनाथ का दिव्या श्रृंगार एवं महा आरती के पश्चात महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा मंदिर समिति सभी श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध करती है . रुद्राभिषेक करवाने हेतु मंदिर में पुजारी से संपर्क कर सकते हैं।

### शनि मंदिर में महाशिवरात्रि पर पार्थिव शिवलिंग का होगा विशेष अभिषेक पूजन



श्री सिद्ध शनि धाम ट्रस्ट मंदिर पलरी टेकरी सीलादेही में आज 26 फरवरी बुधवार को 10:00 बजे से भूतभावन महादेव का अभिषेक एवं पूजन सहित भक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है । महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर रुद्राक्ष के वृक्ष के नीचे पर्थिव शिवलिंग का विशेष अभिषेक किया जाएगा । अतः आप सभी सनातनी धर्म प्रेमी बंधुओं से मंदिर समिति ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है । कार्यक्रम महंत रामपुरी जी महाराज शिवप्रसाद मिश्रा द्वारा संपन्न कराया जायेगा, आयोजन के दौरान सन्तोष अग्रवाल, भारत सनोडिया भंडारा एवं विकास एवं मासिक सहयोग समिति एवं सभी ट्रस्ट के पद अधिकारी एवं समस्त सदस्यगण श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे ।

### सूर्य मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रूद्राक्ष वृक्ष के नीचे किया जायेगा अभिषेक



प्राचीन सूर्य मंदिर टैगोर वार्ड मे 26 फरवरी दिन बुधवार महा शिवरात्रि के अवसर पर भगवान सूर्य देव का ब्रह्म मुहूर्त में अभिषेक पूजन पश्चात पंडित अभिषेक तिवारी द्वारा रुद्राक्ष के वृक्ष के नीचे भगवान भोलेनाथ का वैदिक विधि विधान से अभिषेक हवन पूजन किया जाएगा । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सूर्य मंदिर में विशेष पूजन का क्रम दिनभर प्रारंभ रहेगा और धार्मिक आयोजन किये जायेंगे । मंदिर समिति द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक प्रातः6:30 बजे प्रारंभ होगा इस अवसर पर ट्रस्टी संतोष अग्रवाल द्वारा समस्त सनातनी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई।

# गायब बालक का शव कुएं से बरामद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घटना पुलिस थाना उगली अंतर्गत ग्राम कंचनवाडा की है, जहां बीते सप्ताह 19 फरवरी की रात्रि में एक शादी समारोह के रिशेप्शन पार्टी में मोहबर्रा निवासी करननाथ पिता शयामनाथ गायधाने जाती गारपगारी उम्र 16-17 लगभग अपने दोस्तों के साथ डीजे जो मोहबर्रा के किसी दमाहे का डीजे था. डीजे वालें में चार यूवक मोहबर्रा के थे, अतः कोई डीजे साऊंड की लीड नहीं थी जिसको मोहबर्रा से मंगवाया गया, मोहबर्रा के एक यूवक के साथ करननाथ कंचनवाडा गया जहां पर खाना भी खाया उसके बाद करन का कंचनवाडा के कुछ युवकों के साथ विवाद व हाथा पाई भी हुई है. विवाद की स्थिती करन का कंचनवाडा की किसी लडकी से प्रेम प्रसंग से जुडा मामला होना पाया गया, जिसके बाद जो लडकी करन के साथ प्रेम करती थी, उसका भाई के साथ हाथा पाई हुई, और मोहबर्रा के डीजे वाले यूवकों ने इस विवाद को शांत करके मोहबर्रा के राजा पिता लक्ष्मण चौधरी जिनकी टीवीएस ज्यूपीटर एम पी 22 जेड सी 4003 सफेद रंग की करन को दिये और यहां से भागजा कहकर भगा दिये, जिसके बाद करन वहां से चला गया. लेकीन जिस लडके से करन का विवाद हुआ वह उसे मारने की धमकी देकर देख लेने की बात कहा, और करन अपने आपको बचाते हूऐ वहां से लगभग 9-10 बजे के बीच अंतिम काल राजा चौधरी को करते हुए मोबाइल बंद हो गया.दूसरे दिन करन के परिजन पिता शयाम गायधाने और चार बालक जो डीजे वाले थे, के साथ उगली पुलिस थाना में लिखित एफ आई आर किये पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही थी. जिसका गत दिवस 11 कंचन वाडा ग्राम से नेवर गांव के बीच एक तालाब के नजदीक कुएं में शव तैरता हुआ नजर आया, इसकी जानकारी मृतक के परिजनों के द्वारा उक्त मृतक की तलाश करते हुए देखा गया और परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस थाना उगली को सूचना दी जाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंच शव को कुएं से निकलकर, स्कुटी भी गल द्वारा निकाली गई, चिकित्सकों द्वारा शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया. घटना के संदर्भ में पुलिस हर गंभीर पहलुओं की जांच कर रही है, और संदिग्ध युवकों को पुलिस थाना में पूछताछ जारी है. फिलहाल प पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इस घटना के बारे में खुलाशा हो पायेगा। घटनास्थल पर एसडीओपी आशिष भराडे केवलारी और थाना प्रभारी उगली एस गोदेवार, खंड चिकित्सा अधिकारी श्री लाखरा व पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार घटना की रात में करन को बहला फुसला कर राजा चौधरी की माध्यम से कंचनवाडा बुलवाया गया, जो सत्य भी है, कि जब करन को वहां से भागने को कहा गया तब राजा को करन के साथ जाना था, लेकीन राजा नही गया, और अंतिम काल भी राजा चौधरी को किया था करन ने, 20 फरवरी को जब करन घर नहीं पहुंचा तब परिजनों ने राजा से दस बजे तकरीबन काल किये तब उसने बताया की रात में मेरी स्कूटी से करन को मोहबर्रा के लिये अकेले भेजा यहीं से यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि राजा का करन के साथ वापस ना लौटना और परिजनों द्वारा पूछने पर राजा और अन्य साथियों द्वारा जानकारी घर वालों की दी गई तब परिजनों ने एफ आई आर किये.

### पुलिस वालों पर भी लग रहा है आरोप

पुलिस का अपने तरीके से घटना के संबंध में छानबीन करना भी संदेह के घेरे में है, क्योंकि मृतक के परिजनों का कहना है. कि जिस दिन से एफ आई आर किये इनके द्वारा कहा गया कि हम अपने तरीके से जांच कर रहे हैं, और आज भी मृतक के परिजनों को डेड बाडी का पता चला.इस प्रकार पुलिस की कार्यवाही पर उठ रहे हैं, गंभीर सवाल।

## बंडोल पुलिस ने क्रूरता पूर्वक गौवंश परिवहन पर की कार्यवाही

# 2 नग बैल व 1 नग नाटा कुल 3 नग गौ वंश व बोलेरो पिकअप वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी.डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 25/02/2025 को थाना प्रभारी बंडोल व्दारा अवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए एनएच 44 हाईवे रोड फिल्टर प्लांट चौराहा बंडोल मे महिन्द्रा बोलेरो पिकअप वाहन क्र. MP-49,ZC-2738 को नाकाबंदी कर पकडा गया। उक्त वाहन को चैक करने पर वाहन में 02 नग बैल व 01 नग नाटा कुल 03 नग गौवंश ठूस ठूस कर क्रूरतापूर्वक जिनके सींग मुंह, गला पैर बंधे हुये मिले तथा वाहन में दो व्यक्ति मिले जिनसे पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम मनोज पिता मुन्नालाल साहू उम्र 37 साल निवासी ग्राम घाट पिपरिया थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर एवं मवेशी स्वामी ने अपना नाम नेतराम पिता आलम लोधी उम्र 74 साल निवासी ग्राम धमना थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर का होना तथा वाहन मे क्रूरता पुर्वक अवैध मवेशी परिवहन करते पाये गये कुल 03 नग गौवंश क्रुरता पूर्वक परिवहन करना एवं वाहन में भरकर कत्लखाने नागपुर ले जाना बताये। मौके पर कुल 03 नग गौवंश और बोलेरो पिकअप वाहन क्र. MP-49, ZC-2738 को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है। वाहन चालक मनोज साहू एवं मवेशी स्वामी नेतराम लोधी के विरूध्द धारा 4, 6, 9, म. प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 6,7, म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम, 6(क), 6 (ख) (1) म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि. धारा-11 (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विधिवत कार्यवाही की गई। जप्तीः- 02 नग बैल 01 नग नाटा कुल 03 नग गौवंश कीमती 30,000 रूपये, बोलेरो पिकअप वाहन क्र. MP-49, ZC-2738 कीमती 500000 लाख रूपये कुल मशरूका 5,30,000/- रूपये। **सराहनीय कार्यः** थाना प्रभारी उ.नि. अर्पित भैरम, सउनि. अशोक सेन, सउनि. शिवेन्द्र वसूले, कार्य.प्र.आर.69 अमर उईके, आर. 750 नीरज राजपूत, म. आर. 743 बबीता अहिके, सैनिक 15 दशाराम भलावी, डायल 100 वाहन पायलेट विकास शर्मा।

### पुलिस अधीक्षक ने बंडोल एवं डूंडा सिवनी थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा थाना बंडोल एवं डूंडा सिवनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई,सीसीटीवी कैमरे को 24 घंटे चालू रखने एवं रिकॉर्ड संधारण का अवलोकन कर उचित दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही अपराधों के त्वरित निकाल एवं ऑपरेशन मुस्कान के तहत शत प्रतिशत दस्तयाबी किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएसपी श्रीमती पूजा पांडे,थाना प्रभारी डूंडा सिवनी किशोर बमानकर एवं थाना प्रभारी बंडोल अर्पित भैरम एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा थाना डूंडा सिवनी में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई। पुलिस अधिकारियों से विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर सुझाव लिए गए और विभिन्न सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई, महाशिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली शिव बारात में पुलिस बल तैनात



रहेगा।साथ ही मंदिरों एवं प्रमुख चौराहों में पुलिस बल लगाया जाएगा और मोबाइल वाहन लगातार निगरानी रखेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए विशेष रूप से ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी एवं थाना प्रभारी डूंडा सिवनी किशोर बामनकर उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत छपारा में आयोजित हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़ें परिणय सूत्र में बंधे



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्टिनक कॉलेज मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 362 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस दौरान विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, केवलारी विधायक श्री रजनीश सिंह अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन मौजूद थे। अतिथियों द्वारा नवविवाहितों पर चांवल एवं पुष्प की वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं गई। विवाह पश्चात नवदंपतियों में प्रत्येक को 49-49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।

सीईओ जनपद छपारा से प्राप्त जानकारी अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 137 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज, 239 आदिवासी रिवाजो से एवं 06 जोड़ों ने मुस्लिम विवाह किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए संचालित योजना के तहत आयोजित इस समारोह के दौरान वर-वधू और परिजनों में खुशी की लहर रही। परिवारजनों ने बेटी के विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से पुत्री का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो गया है। इसके लिए सभी परिवारजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम में सम्मिलित हुये विधायक रजनीश सिंह

**सिवनी।** मंगलवार को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने छपारा विकासखंड के एरिकेशन ग्राउण्ड छपारा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह समारोह के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया। कार्यक्रम के आयोजन में सर्वप्रथम जनपद सीईओ महोदय द्वारा विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह का पुष्प माला एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। तदोरांत विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक गण एवं नवयुगल वैवाहिक जोड़ों को संबोधित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। तत्पश्चात



विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह नवयुगल जोड़ों को चैक के माध्यम से राशि प्रदान कर शुभकामनाएँ दिया।
मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम में छपारा विकासखंड के 362 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया जिसमें 228 जोड़ों का आदिवासी रीतिरिवाज से, 128 जोड़ों का हिंदू रीतिरिवाज से एवं 06 जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह-निकाह संपन्न कराया गया।

# पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के 6 विद्यार्थियों का यूजीसी नेट की परीक्षा में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बरघाट। विगत 22 फरवरी को यूजीसी की राष्ट्रीय स्तर की नेट परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शासकीय महाविद्यालय बरघाट के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के 6 छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित की। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सी.बी. झारिया ने बताया कि विभाग के पूर्व छात्र भूपेन्द्र चंदेल ने जे. आर. एफ, वर्तमान अध्ययनरत छात्र नुरूल हासमी तथा टिवकल राउत ने सहायक प्राध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं पूर्व छात्र कृष्ण सनोडिया, राहुल वासनिक तथा संतोष वासनिक ने पी.एच.डी. हेतु निर्धारित पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है। आगे जानकारी देते हुये उन्होनें बताया कि इसके पूर्व माह सितंबर 2024 में राजा शंकर शाह वि.वि. द्वारा आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। वहीं चयनित छात्र-छात्राओं ने बताया कि विभाग में आनलाईन तथा आफलाईन कक्षाओं के माध्यम से विभाग द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। साथ ही विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप त्रिवेदी का मार्गदर्शन हमेशा ही प्रेरणादायी होता है। इसके पूर्व भी विभाग के कई छात्र-छात्रायें जिनमें श्रीमती सीमा कोहरू, सुरेश मोहनकार, श्री तरूण देशमुख ने भी यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा डॉ. रजनी मर्सकोले ने पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र राहंगडाले, महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी. एल. इनवाती, डॉ. हरिहर सोलंकी, डॉ. सायमा सरदेशमुख, श्रीमती मंजू बघेल, मीना राहंगडाले आदि ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# सेवा निवृत्त हुए 18 कर्मचारियों को किया गया पी.पी.ओ. वितरण

### कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त हुए 18 शासकीय सेवकों को पेंशन पेमेन्ट आर्डर (पी.पी.ओ.) का वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, जिला कोषालय अधिकारी, अति. जिला पेंशन अधिकारी, सहायक पेंशन अधिकारी श्री धनेन्द्र कुमार उईके सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा पीपीओ वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शासकीय सेवा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पौधे भेंट कर उनके सुखद एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

इन्हें किया गया पीपीओ का वितरण- सहायक कोषालय अधिकारी सुश्री निर्मला गजभीम, सहायक प्राध्यापक श्रीमती अर्चना चंदेल, भृत्य श्री दयाराम उइके, सहायक शिक्षक श्रीमती फरजाना खान, सहायक शिक्षक श्रीमती शाहिन खान, सर्वेलेंस निरीक्षक श्री प्रभुदयाल यादव, सहायक शिक्षक श्रीमती साधना बारापात्रे, प्रधान पाठक श्री अशोक कुमार हिरकने, वनपाल श्री अमर दास डोंगरे, सहायक शिक्षक श्री राधेश्याम ठाकुर, प्राचार्य श्री राघवेन्द्र रंजन सिंह, भृत्य श्री श्रीराम रैकवार, प्रधान पाठक श्री संतोष गिरी गोस्वामी,सहायक ग्रेड 3 श्री शरद शिवहरे, एच एच व्ही श्रीमती मीरा डोंगरे, माध्यमिक शिक्षक श्री ज्ञानदास गढपाल, दफतरी श्री लच्छी लाल टेकाम, एएनएम श्रीमती अनुपा मेश्राम को पीपीओ का वितरण किया गया।

# मनरेगा के बंद होने से गांव का विकास थमा

**सिवनी ।** रोजगार न मिलने से ग्रामीण अंचलों में लोग पलायन कर रहे हैं शासन ने मनरेगा के अंतर्गत 266 कामों के स्थान पर मात्र 24 कामों की स्वीकृति दी है। एक साथ 242 कामों को बंद करने से ग्रामीणों को रोजगार के लिये पलायन करने पर मजबूर होना पड रहा है। जिले की 645 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 1600 गांवों से अधिक में काम घटने से रोजगार गारंटी योजना फेल हो गई है। वर्तमान में जो काम कराये जा रहे हैं उनका भुगतान भी महीनों से अटका पड़ा है। सूत्रों का कहना है कि जिले भर की पंचायतों को अक्टूबर 2024 से सामाग्रियों का एवं मजदूरी का भुगतान नहीं हो सका है मनरेगा योजना पर पिछले कुछ सालों से संकट लगातार गहराता जा रहा है। शासन की आर्थिक असमर्थता इसके पीछे बडी वजह मानी जा रही है। गौरतलब है कि, कोरोना जैसी महामारी में भी मनरेगा योजना के माध्यम से लोगों को रोजगार के अवसर दिये गये और जिले वासियों को पलायन से रोका गया था। परिवार के लाखों लोग इस योजना से लाभांन्वित हुये थे। आरोपित है कि शासन ने अलग-अलग वर्गों में बंटे कामों को एक वर्ग में शामिल किया है। इसलिये कामों की संख्या कम हुई है। देखा जा रहा है कि, लोग तथा विपक्ष मनरेगा मामले को लेकर अब केन्द्रीय मंत्रियों को भी घेरने लगे हैं तथा इस योजना को प्रारंभकरने की मांग कर रहे हैं। पूर्व में निर्धारित कामों को जारी रखने की मांग कर रहे हैं मनरेगा के बंद का असर ग्रामीण विकास में पड रहा है। सिवनी जिले में 8 विकासखंड आते हैं जिनमें लखनादौन, धनौरा, घंसौर, केवलारी, बर घाट, कुरई जो कि, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है।

### संपन्न हुई हायर सेकेण्डरी की हिंदी विषय की परीक्षा

**सिवनी 25 फरवरी 25/** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मंगलवार 25 फरवरी को हायर सेकेण्डरी की हिंदी विषय की मुख्य परीक्षा जिले के 80 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा में दर्ज 13922 परीक्षार्थियों में से 13690 उपस्थित रहे तथा 232 अनुपस्थित पाये गये। इस दौरान जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा सतत रूप से परीक्षा केन्द्रों को अवलोकन किया गया। नकल प्रकरण निरंक रहा।

## फसल विविधीकरण विषय पर अधिकारियों एवं आदान विक्रेता का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# भूमि की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में फसल विविधीकरण कारगार- डॉ एम एल केवट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में कृषि प्रणाली अनुसंधान परियोजना जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर एवं भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम मेरठ द्वारा फसल विविधीकरण विषय पर दो दिवसीय कृषि प्रसार अधिकारी व आदान विक्रेता का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ एम एल केवट एवं विशिष्ट अतिथि आचार्य एवं विभागाध्यक्ष पौध कार्यकी विभाग डॉ ज्ञानेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन परियोजना प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ एम एल केवट ने कहा कि जिस प्रकार हमारे जीवन में विविधता का महत्व हे उसी प्रकार फसल की गुणवत्ता एवं भूमि की उत्पादकता की दशा सुधारने में फसल विविधीकरण की महती उपयोगिता है। अपने माटी के कार्बन की उपयोगिता, मिश्रित खेती, क्षेत्र विशेष खेती. इंटर क्रॉपिंग दलहनी व तिलहनी फसलों के प्रति हेक्टेयर उत्पादन प्राप्त कर बेहतर कृषि कार्य कर आर्थिक स्थिति को सुदृढ बना सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ ज्ञानेन्द्र तिवारी ने बताया की खेती की बेहतर तकनीक, उन्नत किस्मों व औषधिय पौधों का बेहतर चयन कर सही जानकारी से बेहतर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है अतः समय परिस्थितियों के अनुसार हमारे किसान भाइयों को स्मार्ट खेती करनी होगी ताकि फसलों के विविधीकरण करने से विषम परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना की नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन ने बताया कि फसल विविधीकरण परियोजना अंतर्गत मध्यप्रदेश में यह प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में प्रारंभ किया गया है यह बड़े गौरव की बात है कि सिवनी जिले से इस फसल विविधीकरण परियोजना का कार्य किया जा रहा है आपने जानकारी देते हुए बताया कि जैव विविधता को बेहतर करने के लिए मृदा स्वास्थ्य को सुधार हेतु एवं फसलों का उत्पादन कर उनका वैल्यू एडिशन कैसे किया जाए इन विषयों पर आप ने विस्तार से हमारे विस्तार अधिकारियों को जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल स्वागत उद्बोधन दिया साथ ही डॉ बघेल ने कहा कि फसल विविधीकारण आज के समय की मांग है हमारे किसान भाई लगातार एक ही फसलों को उत्पादन लेंने के कारण खेती में समस्याएं पैदा हो रही है साथ ही साथ उत्पादन लागत बढ़ रही है भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है एवं खेती में प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है इन सब बातों पर यह प्रशिक्षण किसानों के लिए एक नई दिशा एवं बेहतर खेती के कार्य योजना बनाने में कारगर सिद्ध होगा।

प्रशिक्षण के उपरांत कृषि विज्ञान केंद्र के फसल संग्रहालय में डॉ निखिल सिंह वैज्ञानिक द्वारा फसल संग्रहालय की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गयां साथ ही मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जबलपुर से आए वैज्ञानिकों द्वारा विविधीकारण पर आधारित फसल संग्रहालय का भ्रमण किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सिवनी के लगभग 25-30 कृषि प्रसार अधिकारी व आदान विक्रेता ने भाग लिया।

## सरपंच पति कामों में दखल देते, सदस्यों के साथ मारपीट करते

# 7 पंच और उपसरपंच ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के किरनापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत सारद में 7 पंच और उपसरपंच ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। पंचों का आरोप है कि सरपंच पति रमेश बिसेन पंचायत के कामों में अनावश्यक दखल देते हैं। वह पंचायत की बैठकों में आकर पंचों के साथ मारपीट करते हैं। पंचों को न तो बैठकों की जानकारी दी जाती है और न ही उनकी राय ली जाती है।

उपसरपंच नंदकिशोर डेकवार के नेतृत्व में पंच आशा भोस्कर, राजकुमार पारधी, पृथ्वीराज पटले, कंचना उके, धनलाल बिसेन और उषोदेवी पारधी ने कलेक्ट्रेट में अपना इस्तीफा सौंपा। हालांकि, जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया और शिकायतों की जांच का आश्वासन दिया।

### सरपंच पति करते हैं सारे काम

पंच राजकुमार पारधी ने बताया कि सरपंच ममता बिसेन हैं, लेकिन सारे काम उनके पति रमेश बिसेन करते हैं। निर्माण कार्यों में अनियमितता की कई शिकायतें की गईं, लेकिन कोई जांच नहीं हुई।

### नए पंचायत भवन को लेकर भी विवाद

नए पंचायत भवन को लेकर भी विवाद है। पंचों का कहना है कि सरपंच इसे ऐसी जगह बनवाना चाहती हैं, जहां शराबी और जुआरी जमा होंगे। पंचों की मांग है कि नया भवन मेन रोड पर बनाया जाए, जहां सभी ग्रामीणों की पहुंच आसान हो। मौजूदा पंचायत भवन अभी अच्छी स्थिति में है।



भले ही सरकार ने महिला सशक्तिकरण की सोच के साथ महिलाओं को स्थानीय चुनाव में 50 प्रतिशत का आरक्षण देकर सरकार ने निकाय और पंचायत की बागडोर तो महिलाओं को सौंपी है। लेकिन महिला जनप्रतिनिधियों के पतियों का बढ़ता हस्तक्षेप, सदस्यों को रास नहीं आ रहा है।

# निकली शिवजी की बारात : भक्तों ने किया नृत्य, देवताओं और असुरों की झांकियों दिखी, आज भोलेनाथ का विवाह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शाम 6:30 बजे शिव बारात निकाली गई। शिवभक्तों ने 'शिवजी बिहाने चले पालकी सजाए के, भभूति रमाए के हो राम' गीतों पर जमकर नृत्य किया।

नगर के तीन अलग-अलग स्थानों से निकली बारातें पुराना श्रीराम मंदिर में एकत्रित हुईं। वहां से एक विशाल बारात का प्रस्थान हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर और माता पार्वती के डोले को कंधों पर लेकर यात्रा की। बारात में देवताओं और असुरों की जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

**इन मार्गों से निकली बारात:** बारात का मार्ग पुराना श्रीराम मंदिर से हनुमान चौक, मेन रोड, काली पुतली चौक और जयस्तंभ चौक होते हुए शंकरघाट तक रहा। मार्ग में जगह-जगह बारात का स्वागत और पूजन किया गया।

**शहर के कई शिव मंदिर सजे:** महाशिवरात्रि के लिए नगर के सभी शिवालयों को सजाया गया है। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। महामृत्युंजय घाट, शंकरघाट शिवमंदिर, नर्मदा नगर शिवमंदिर और लांजी के कोटेश्वर धाम में विशेष तैयारियां की गई हैं।

**सांसद ने कल की तैयारियों का जायजा लिया:** सांसद भारती पारधी ने मंगलवार शाम 4 बजे शंकरघाट पहुंचकर महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर प्रांगण और नदी किनारे की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महाप्रसाद वितरण की तैयारियों की भी समीक्षा की।

**यातायात विभाग ने रास्ते को किया बंद, पार्किंग को लेकर जारी किए निर्देश:** आज महाशिवरात्रि पर शंकरघाट और महामृत्युंजयघाट में बड़े आयोजन को लेकर यातायात विभाग ने गर्रा रेलवे क्रासिंग से शंकरघाट तक के रास्ते को बंद कर दिया है। जबकि यहां आने वाले भक्तों के लिए वाहनों की अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है।

# रेलवे ट्रैक पर नाबालिग की मौत का मामला

## पिता ने कहा- सेल्फी लेने वाले तीन दोस्तों में सिर्फ मेरा बेटा कैसे गिरा?

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एक किशोर की संदिग्ध मौत के मामले में पिता ने न्याय की गुहार लगाई है। मंगलवार को पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय पहुंचा और निष्पक्ष जांच की मांग की।

घटना 1 जनवरी की है। 16 वर्षीय अभयराज बंशकार अपने दो दोस्तों हमन सोनेकर और अजीत राहंगडाले के साथ चुनरी यात्रा देखने गया था। दोस्तों के मुताबिक, शाम करीब 4 बजे गर्रा रेलवे पुल पर सेल्फी लेते समय बालाघाट-इतवारी की ओर जा रही ट्रेन से टकराकर अभयराज की मौत हो गई।




### मृतक के पिता ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

मृतक के पिता अमरराज बंशकार ने पुलिस जांच पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अभयराज उनका एकलौता बेटा था। उनका कहना है कि अगर तीनों दोस्त साथ में सेल्फी ले रहे थे, तो सिर्फ उनका बेटा ही कैसे दुर्घटनाग्रस्त हुआ। साथ ही वह सेल्फी कहां है, जो कथित तौर पर ली गई थी।

### पीड़ित ने कहा- मामले की निष्पक्ष जांच हो

पुलिस की जांच से असंतुष्ट पिता का आरोप है कि पुलिस इसे सामान्य घटना मान रही है, जबकि यह एक गंभीर मामला है। जांच अधिकारी के अनुसार ट्रेन के लोको पायलट ने अपने बयान में किसी दुर्घटना की पुष्टि नहीं की है। परिवार का कहना है कि पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई।

अमरराज ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे की मौत संदिग्ध है और उसके साथी सच्चाई छिपा रहे हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# महामृत्युंजय घाट पर आज लगेगा मेला

### 12 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना, सिंधी समाज भंडारा कराएगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के महामृत्युंजय घाट पर महाशिवरात्रि का मेला कल सुबह 5 बजे से शुरू होगा। यह परंपरा पिछले 60 सालों से सिंधी समाज निभा रहा है। मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम गोपाल सोनी और सीएसपी वैशाली कराहलिया ने आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष अमर मंगलानी ने बताया कि सुबह पूजा, अर्चना और आरती के बाद भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मेले में बालाघाट के अलावा सिवनी, नैनपुर और महाराष्ट्र के गोंदिया, तुमसर और भंडारा से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से लगभग 20 क्विंटल महाप्रसाद में भक्तों को दाल-पकवान, आलु-पोहा, जलेबी, चना और सेव, वितरित किया जाएगा।

### 10 हजार से अधिक लोग आयोजन में होंगे शामिल

हर साल करीब 10 से 12 हजार लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं। इस साल प्रयागराज महाकुंभ के चलते जो लोग वहां नहीं जा पाए हैं, वे वैनगंगा नदी में स्नान कर गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। मेले की तैयारियों में इंदर बजाज, जयराम वाधवानी, शिशुपाल सचदेव, परसराम छुटवानी, कैलाश माधवानी, रमेश रंगलानी और वकील वाधवा सहित अन्य समाज के लोग जुटे हैं।

## 119 केंद्रों पर हुई 12वीं की परीक्षा; पहला पेपर हिंदी का

# तीन स्कूलों में नकल रोकने लगाए जैमर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मंगलवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गईं। जिले के 119 परीक्षा केंद्रों में 17 हजार 731 परीक्षार्थियों ने हिंदी का पेपर दिया। परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई। छात्रों को 8:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना था।

परीक्षा देने के बाद छात्रा ज्योति कटरे ने बताया कि पेपर अच्छा था। हालांकि वस्तुनिष्ठ प्रश्न कठिन थे। परीक्षा में जल संरक्षण पर निबंध भी पूछा गया।

परीक्षा केंद्रों में कलेक्टर प्रतिनिधि को छोड़कर किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं थी। नगर के तीन संवेदनशील केंद्रों एमजीएम स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय और एमएलबी स्कूल में जैमर लगाए गए। साथ ही अतिरिक्त पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए।

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर नकल रोकने के लिए प्रशासनिक और शिक्षा विभाग का उड़नदस्ता दल बनाया गया। एसडीएम गोपाल सोनी ने संवेदनशील केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

### कल से दसवीं की परीक्षा

27 फरवरी से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। इसके लिए 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसमें कुल 22 हजार 514 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें 21 हजार 441 नियमित और 1 हजार 73 प्राइवेट छात्र हैं। 12वीं की तरह ही 10वीं की परीक्षा में भी सभी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू रहेंगे।

## पंचायतों में रखा जाएगा बाहर काम पर जाने वाले व्यक्तियों का डेटा संधारण

# जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले की किसी भी पंचायत से अन्य प्रदेशों में काम करने के लिए जाने वाले व्यक्तियों का व्यवस्थित डेटा संधारण का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने श्रम विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक में विभाग और समिति के अशासकीय सदस्यों से जिले की वर्तमान स्थिति तथा अब तक सामने आये प्रकरणों व उनके निराकरण में हई दिक्कतों के सम्बंध में जाना। उन्होंने निर्देश दिए है कि जिला पंचायत की ओर से एक निर्धारित प्रारूप में डेटा संधारण के लिए पत्र जारी कराए। इसके लिए एक पंजीयन रजिस्टर बनाएं जिसमें बाहर जाने वाले व्यक्तियों का नाम, बाहर जाने का स्थान, काम, कार्य का विवरण, संपर्क नम्बर,किसके माध्यम से गए तथा किनके पास गए इत्यादि की जानकारी रजिस्टर में इंट्री पंचायतों द्वारा की जाएगी। इसके निगरानी विभाग के निरीक्षकों द्वारा इस रजिस्टर का नियमित अवलोकन कर संधारण के सम्बंध में सरपंच व सचिव से आवश्यक समन्वय करेंगे। बैठक में श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह और विभाग के निरीक्षक राकेश ठाकरे तथा अशासकीय सदस्य मौजूद रहें।



**बंधक श्रम की जानकारी पोर्टल पर कोई भी बता सकता है:** बैठक में विभागीय जानकारियों के सम्बंध में निरीक्षक श्री ठाकरे ने विभाग के श्रम सेवा पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग के पोर्टल पर बंधक श्रम की सूचना किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन एवं रोज़गार में स्वयं श्रमिक शिकायत/जानकारी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 में 10 बाल श्रम व 19 बंधक श्रमिकों को नांदेड़ से मुक्त कराया गया। वहीं कि2022 में बंधक श्रमिक 10 व बाल श्रम में 2 प्रकरणो में सोल्हापुर से मुक्त कराया गया है। बंधक श्रम अधिनियम 1976 के अंतर्गत वर्ष 2021 में 18 श्रमिकों को प्रति श्रमिक 20 हजार रुपये के हिसाब से, 2022 में सोल्हापुर से बंधक मुक्त कराने के बाद प्रति श्रमिक 30 हजार रुपये प्रदान किये गए। वहीं महाराष्ट्र के ही गंगाखेड़ से 6 बंधक श्रमिकों को मुक्त कराकर 1 लाख 80 हजार रुपये प्रदान सहायता राशि दी गई।

# जनजातीय गौरव दिवस अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी के प्राचार्य डॉ. हेमन्त कुमार मण्डाले के मार्गदर्शन में मंगलवार को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला एवं जनजातीय नायकों के चलचित्रो की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय किस प्रकार संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण अनेक वर्षो से कर रहे है के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के तारतम्य में मुख्य वक्ता डॉ. घनश्याम परते द्वारा महारानी दुर्गावती के त्याग और अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए भगवान बिरसा मुण्डा, महाराज शंकर शाह, रघुनाथ शाह, टंटया भील के त्याग और अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन पर विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

मुख्य वक्ता के वक्तव्य के पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ. सरिता कोल्हेकर प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) भगवान बिरसा मुण्डा के अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन छत्तीसगढ़ में वन संरक्षण में आदिवासी समुदाय के योगदान पर महात्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया गया। साथ ही बिरसा मुण्डा के गौरवशाली जीवन परिचय को चलचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। शासन के निर्देशानुसार आरआरआर फिल्म के गीत का प्रदर्शन किया गया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का पाँचवा सप्ताह प्रारम्भ

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन निरंतर जारी है। 08 मार्च क्रियान्वित होने वाले इस कार्यक्रम के पांचवें सप्ताह में कौशल विकास पर जोर दिया गया। इस अवसर पर परियोजना वारासिवनी धानीटोला में किशोरी बालिकाओं, शाला त्यागी बालिकाओं और ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई इसके अलावा, परियोजना बैहर में ग्रामीण महिलाओं को व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से व्यंजनों में कौशल विकास की जानकारी दी गई।

## कृषि भूमि का रास्ता बंद किया एसडीएम ने तहसीलदार को मौके पर भेजा

# उचित तरीके से पोल नहीं लगाये, गिरने की आशंका पर कलेक्टर ने आरईएस से मांगी रिपोर्ट



### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिपं, एडीएम, एसडीएम और डिप्टी कलेक्टर ने की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा में अमोली गांव में एमपीईबी द्वारा पोल गाढ़ने का कार्य किया गया है। इस कार्य के सम्बंध में ग्रामीण सुनील ठोकर ने कलेक्टर श्री मृणाल मीना के समक्ष जनसुनवाई में बताया कि गांव में पोल लगाने का कार्य चल रहा है। लेकिन विभाग ने बिना कंक्रीट व बिना शोल्डर के रोड़ पर गाढ़े गए है। साथ ही पोल गिरने से ग्रामीणों को दुर्घटना की आशंका रहती है। कलेक्टर श्री मीना ने आरईएस विभाग की प्रबंधक को इस सम्बंध में निर्देश दिए है कि क्या रोड़ पर पोल तो नही गाढ़े गए है ? साथ ही पोल लगाने में मापदंडों का पालन किया गया है ? इस सम्बंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में 84 आवेदकों को जिपं सीईओ श्री अभिषेक सराफ,एडीएम श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने संयुक्त रूप से सुना तथा सम्बंधित विभाग से जानकारी ली। आवेदकों के आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से अपडेट जानकारी प्राप्त कर समस्या का निराकरण के निर्देश दिए।

### रास्ता रोकने के आवेदन पर एसडीएम ने तहसीलदार को मौके पर भेजा

जनसुनवाई में कोसमी के महेश देवहारे ने आवेदन कर बताया कि उनके खेत को जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया है। अब न तो खेत मे जा पा रहे है और न ही कोई कृषि कार्य कर पा रहें है। एसडीएम श्री सोनी ने जनसुनवाई से ही तहसीलदार को कॉल कर सम्बंधित खसरा नम्बर और कृषि भूमि मालिक की जानकारी नोट करवाई। साथ ही मौका मुआयना करने के निर्देश दिए है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का वर्चुअल कार्यक्रम एवं राज्य मिलेट्स मिशन कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

24 फरवरी को कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव, बालाघाट में वर्चुअल के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जारी की गई, जिसमें 9.96 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 22000 हजार करोड़ की राशि का स्थानांतरण किया गया। जिसमें प्रत्येक के परिवार के खाते में 2-2 हजार रूपयें की राशि जमा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ बिहार के भागलपुर में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार के मुख्यमंत्री नितीष कुमार सहित अन्य नेताओं की गरीमामयी बिहार के भागलपुर के मैदान में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री जी ने अन्नदाता बहनों-भाइयों के खातों में पीएम-किसान की 19वीं किस्त ट्रांसफर किया गया। जिसका कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव, बालाघाट में वर्चुअल के माध्यम से किसानों को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में राज्य मिलेट्स मिशन अंतर्गत एक दिवसीय जिले के अंदर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि राजेश खोबरागडे. द्वारा किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) फसलों जैसे-कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी, सावा के बारे में बताया। मिलेट्स फसलों में फाइबर की मात्रा अन्यन अनाजों से अधिक होती है। मिलेट्स फसले जो पहले गरीबों का अनाज कहलाती थी, आज ये अमीरों की दवा बन चुकी है। वर्तमान समय में कई प्रकार की बीमारियों से बचाव हेतु डाक्टीर मिलेट्स फसलों के उपयोग की सलाह देते है। इस तरह मिलेट्स फसलों की विस्तार से कृषकों को जानकारी दी गई। साथ रबी मौसम में रागी (मड़ीया) फसल जो कि धान की खेती वाले क्षेत्रों में आसानी से उगाई जा सकती है, इसकी खेती अधिक से अधिक किसानों द्वारा करने की सलाह दी गई। साथ ही ग्रीष्मकालीन में लगायी जाने वाली फसलों की उत्पादन तकनीक की विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई।



परियोजना संचालक आत्मा सुश्री अर्चना डोंगरे ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से फल सब्जी की खेती बहुत अच्छे तरीके से की जा सकती है प्राकृतिक खेती द्वारा हम फल वृक्ष एवं सब्जी की खेती में प्राकृतिक कृषि के महत्वपूर्ण घटक के माध्यम से हम खरपतवार को रोकने के साथ ही पानी की आवश्यकता बहुत कम कर सकते हैं, आपने बताया कि 1 ग्राम गोबर में 300 से लेकर 500 करोड़ तक सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं जो हमारी भूमि को उपजाऊ बनाने में मदद करते हैं इनकी संख्या बढ़ाकर हम खेती की उर्वरता को और बढ़ा सकते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.एल. राऊत द्वारा कृषि में लागत कम करने के विभिन्न तरीके एवं उत्पादन बढ़ाने की नवीनतम तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। कीट नियंत्रण की विभिन्न तकनीकों लाईट ट्रेप, फेरामोन ट्रेप, पीला चिपकने वाला ट्रेप, जैविक कीटनाशक आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. रमेश अमूले द्वारा प्राकृतिक खेती के महत्व एवं प्राकृतिक खेती प्रकृति में उपलब्ध संसाधनों का समुचित प्रयोग कर प्राकृतिक रूप से अपनी खेती में उत्पादन को बढ़ाने के लिए बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, वापसा, आच्छादन मल्चिंग को कैसे बनाएं एवं उसका उपयोग अलग-अलग फसलों में कैसे करें साथ ही प्राकृतिक कीटनाशक नीमअस्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नि शास्त्र, दशपर्णी अर्क, सतपर्णी अर्क का फसलों पर छिड़काव एवं फसलों पर आने वाले रोग एवं कीट की पहचान कर सभी प्राकृतिक कीटनाशकों का प्रयोग रोग एवं कीटों से बचाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई।